# पेड़ ऋषि-मुनि के समान, प्रकृति से लेते कम देते अधिक हैं : डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम अभियान के भूमिपूजन एवं पौधारोपण किया
- केसरबाग क्षेत्र में सभी 51हजार पौधे फलदार और औषधीय लगाये जाएंगे : विजयवर्गीय




**इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है. भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है. जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियों और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज दोपहर को केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम नगर वन निर्माण का भूमिपूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगे कहा कि यह संयोग है कि आज श्रावण माह का पहला दिन है और इसी दिन केसरबाग क्षेत्र में 'एक बगिया माँ के नाम' के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति में भी परमात्मा के दर्शन किये है. गाँव का एक साधारण सा ग्रामीण भी जानता है कि वे पौधों में भी मनुष्य की तरह जान होती है, इसलिए किस पौधों को कब छूना चाहिये और कब नहीं, यह जानता है. कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है. पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते है, जो प्रकृति से लेते कम देते अधिक है. सनातन संस्कृति को बचाने में हमारे संतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. पौधों में प्राण होते है. भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके दिखाया कि पौधों मे प्राण होते है. इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग क्षेत्र में 'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महेद्र हार्डिया, मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक जीतू जिराती, जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, सुमित मिश्र सहित नगर निगम के एमआईसी मेंम्बर्स स्कूल की छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम के प्रारंभ में मंत्रीगण और विधायकगणों ने भी आम के पौधे लगाए.

### औषधिय और फलदार पौध लगाएंगे

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग क्षेत्र में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे एक सुन्दर बगिया बनाना है, जो प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया होगी. इस बगिया में सभी फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे, जो इंदौर शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में मुख्य भूमिका निभाएंगी. सभी पेड़ जिंदा रहें, इसकी देखभाल नागरिको को करना होगी. बीते वर्ष हमने एक दिन में रेवती रेंज मे 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास रचा था. वर्तमान स्थिति में सभी पौधे जीवित है और हरे भरे हो लहरा रहे है. मंत्री श्री विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि वे वन विभाग को बड़ी संख्या में पौधे तैयार करने के निर्देश दें. मंत्री विजयवर्गीय ने आगे कहा कि हमें इंदौर को सीमेंट-कांक्रीट का जंगल नहीं, हरे-भरे और फलदार वृक्षों का हरा-भरा शहर बनाना है.

**कुएं, बावड़ी संवारकर जल राशि बढ़ा रहे : महापौर**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रकृति प्रेमी है और वे जल संरक्षण एवं जल संर्वधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इंदौर सहित प्रदेशभर में कुँए, बावड़ियों को संवारकर हम जल राशि बढ़ा रहें है.

**आंगन में पौधा अवश्य लगाएं**-मुनि आचार्य विभोव सागर महाराज ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण जीवन का आधार और संस्कृति का संरक्षक है. स्वस्थ जीवन के लिए हवा अनिवार्य है। जहाँ वृक्ष होते है, वहाँ बादल अधिक बरसते हैं. हर व्यक्ति अपने आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाये. बच्चों को अपने जन्मदिन पर केक कांटने की बजाय पौधे लगाने चाहिये.



## एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में सरकारी विभागों की प्रदर्शनी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव में सरकार के सभी विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास किया। साथ ही विभागों ने वर्तमान और भविष्य में निर्मित होने वाले प्रोजेक्ट की जानकारियां भी उपलब्ध करवाई.

प्रदर्शनी में हाउसिंग बोर्ड, आईडीए, एनएचएआई, एमपी मैट्रो, सिटी प्लानर्स सेंटर, एमपीआईडीसी, पर्यावरण संरक्षण और सुधार सहित कई सहयोगी संस्थानों द्वारा भी भविष्य में शहरी विकास को लेकर अपनी तैयारियों का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिभा बागरी, विधायक मधु वर्मा, उषा ठाकुर, मालिनी गौड़ और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

## इंदौर मध्य भारत का सबसे विकासशील शहर : मुख्यमंत्री

### मेट्रो पॉलिटीयन और इंदौर के मास्टर प्लान का कार्य हो चुका

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में कहा कि सिंहस्थ 27-28 आ रहा है. इसके लिए अभी से मेट्रो पॉलिटीयन प्लान और इंदौर का मास्टर प्लान का कार्य हो चुका है. उसमे कुछ बदलाव हुआ तो आपके सुझाव पर वह भी करेंगे. मुझे खुशी है कि पर्यावरण को लेकर आज पूरे देश में सबसे ज्यादा टाइगर मध्य प्रदेश में है और इस लिए दो नई सेंचुरी को मंजूरी दी गई है. चीता गायब हो गया था, लेकिन हम प्रदेश में अफ्रीका से चीता ले कर आए है. आप यहां निवेश करे, आप सहयोग दे हम आपको सभी सुविधाएं देने को तैयार है. इंदौर मध्य भारत का सबसे विकासशील शहर है. बड़े लक्ष्य रखे और आगे बढ़े.

### इकोनामिक ग्रोथ पर भी ध्यान दें : विजयवर्गीय

नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कॉन्क्लेव में कहा कि शहर बैलगाड़ी, तांगे, टेंपो, बस, नगर सेवा से स्वच्छता में 7 बार नंबर वन तक पहुंचा है. आज भी इंदौर मध्य भारत का सबसे अच्छा और सस्ता शहर है. इसी तरह महाकाल लोक के बाद उज्जैन की 20 गुना आर्थिक प्रगति हुई है। यह निवेश के लिए अच्छा शहर है. इंदौर में होटलों में 3 हजार कमरे बन रहे है. इंदौर सहित प्रदेश के शहरों में मुख्यमंत्री तेजी से विकास का काम कर रहे है. विजयवर्गीय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है कि विकास के साथ इकोनॉमिक ग्रोथ पर भी ध्यान दे. मेरा मानना है कि आप निवेश भी करिए और बदले में रोजगार भी दें. पर्यावरण को लेकर हमने पुराने जल स्रोत को जल संवर्धन अभियान में साफ कर जिंदा किया है. पिछले साल की तरह इस साल भी 51 लाख पौधे लगाने का काम किया जाएगा. पर्यावरण पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज सिटी फारेस्ट मुख्यमंत्री के हाथों 51 हजार पौधे लगाने की शुरुआत कर दी है. इंदौर का मास्टर प्लान यूनिक होगा. 25 साल बाद शहर कैसा होगा, हम अभी से प्लान कर रहे है. प्लान को भविष्य में परिवर्तन करना पड़ा तो भी हम करेंगे. हाउसिंग बोर्ड ने भी 17 हैक्टेयर हुकुमचंद मिल की जमीन पर प्लानिंग की है. आप देखिए और फिर निवेश पर प्रस्ताव दें.




### वन विभाग का सहयोग निराशाजनक

इंदौर। आज नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव को वन विभाग द्वारा सहयोग नही करने मंच से बात कही। विजयवर्गीय ने कहा कि अभी तक पौधरोपण अभियान में 7 लाख पौधे रोपे जा चुके है। विभिन्न विभाग पौधरोपण अभियान में पौध लगा रहे है, लेकिन वन विभाग का जितना सहयोग मिलना चाहिए, उतना सहयोग नही मिल रहा है। वन विभाग का सहयोग निराशाजनक है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप विदेश जाने से पहले वन विभाग को पौधे उपलब्ध करवाने के निर्देश देकर जाएं।

## नगर नियोजन विशेषज्ञों ने की इंदौर में प्लानर्स मीट

### विश्व जनसंख्या दिवस पर नगर जनसंख्या को लेकर विकास पर चर्चा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया इंदौर रीजनल सेंटर द्वारा प्लानर्स मीट का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सिटी प्लानर्स विशेषज्ञों ने तेजी से बढ़ती जनसंख्या को लेकर सतत, समावेशी और सुव्यवस्थित शहरी विकास की आवश्यकता पर गहन चर्चा की.**



इंदौर रीजनल सेंटर के अध्यक्ष डी एल गोयल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। शहर एवं क्षेत्र के विकास में नगर नियोजन की भूमिका को रेखांकित किया. इसके बाद आई.टी.पी.आई.राष्ट्रीय अध्यक्ष एन के पटेल ,सचिव वी पी कुलश्रेष्ठ, शुभाशीष बैनर्जी, मध्यप्रदेश रीजनल चैप्टर भोपाल से विष्णु खरे, सुमित गोठी एवं उपाध्याय उपस्थिति थे. सभी शहरी विकास में नियोजकों की भूमिका को ज्यादा सशक्त बनाने पर जोर दिया. इस मौके पर आईटीपीआई इंदौर रीजनल सेंटर की सचिव प्रकृति सेठी ने कहा कि यह संयोग है कि आज गुरु पूर्णिमा भी है और एक ऐसा दिन जो हमें हमारे मार्गदर्शकों की याद दिलाता है. नगर नियोजक भी समाज के लिए एक दृष्टा और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं. आज का दिन हमें अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों की याद दिलाता है. आयोजन का उद्देश्य आपसी संवाद और सहयोग से नगर नियोजन को जनसंख्या प्रबंधन से जोड़ते हुए भविष्य की रणनीति तैयार करना था.

## भारत को भिक्षुक मुक्त बनाने के लिए 100 शहरों में अभियान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भारत में आजीविका और उद्यम को हाशिए पर मानकर भिक्षा मांगने वालों के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भिक्षुक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. आज इंदौर में भिक्षावृत्ति मुक्त भारत 2.0 अभियान केके लेकर बैठक हुई. बैठक देश के 100 शहरों को भिक्षुक मुक्त बनाने पर कारवाई की जाएगी.

आज ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में भारत सरकार के सामाजिक न्याय विभाग सचिव अमित यादव ने बताया कि भिक्षुक मुक्त अभियान में अभी तक देश में 22410 लोगों की पहचान की गई है।3400 लोगों का पुनर्वास किया गया है. आज इंदौर में डेढ़ बाहर के नोडल अधिकारी और कार्य लगने वाली एजेंसियों की बैठक थी. बैठक एमआर भिक्षा वृत्ति मुक्त भारत अभियान 2.0 में सौ शहरों पर योजना बनाई गई है.

उक्त सौ शहरों को भिक्षुक मुक्त करने का लक्ष्य तय किया गया है. इंदौर में अभियान के पहले चरण में अच्छा काम किया है और शहर में कही भिक्षुक नहीं दिखे. भिक्षुकों को रोजगार या अन्य साधन से आजीविका चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. भारत सरकार सामाजिक न्याय विभाग की उक्त योजना का उद्देश्य देश और शहरों को भिक्षुक मुक्त बनाना है.



## 17 कॉलोनाइजर को कलेक्टर ने दिया नोटिस

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. आज कॉलोनियों का विकास नहीं करने पर कलेक्टर ने 17 कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर दिए है. कॉलोनाइजर्स को सात दिन की मोहलत दी है, जिसमें कॉलोनी का विकास नहीं करने का कारण क्या है? और आगे कितने समय में विकास करेंगे? कॉलोनाइजर के जवाब से संतुष्ट नही होने पर उनके प्लॉट बेचकर विकास करने की कारवाई प्रशासन करेगा.

कलेक्टर आशीष सिंह ने शहर और जिले की तहसीलों में 17 कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर दिए. नोटिस प्लाट बेच कर कॉलोनी का विकास नहीं करने की शिकायत मिलने के बाद जांच में खुलासा होने पर दिए गए है. कलेक्टर ने उक्त कारवाई अपर कलेक्टर और कॉलोनी सेल नोडल अधिकारी गौरव बैनल द्वारा जांच रिपोर्ट पर की गई है. जांच रिपोर्ट में अपर कलेक्टर ने कॉलोनियों में प्लाट बेचे कई साल हो गए, लेकिन विकास नहीं किया गया है। प्लाट धारको ने परेशान होकर शिकायत दर्ज करवाई थी। अपर कलेक्टर गौरव बैनल ऐसी 17 कॉलोनियों की सूची कलेक्टर को सौंपी थी. इसके बाद आज कलेक्टर आशीष सिंह सभी 17 कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर दिए है। नोटिस में 7 दिन में विकास नही करने का कारण पूछा गया है. साथ ही कितने दिनों में विकास पूरा करने का भी कॉलोनाइजर को बताना होगा. उक्त नोटिस के जवाब से संतुष्ट नही होने पर प्रशासन बंधक प्लाटों को बेचकर उक्त सभी 17 कॉलोनियों का विकास करेगा.

**कार्यक्रम** | अहिल्या उत्सव समिति की 45 आदिवासी प्रतियोगिताओं का शुभारंभ वृक्षारोपण से

## अहिल्या उत्सव को जन-जन का आंदोलन बनाएं : महाजन

**इंदौर. इंदौर में आगामी अहिल्या उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आगाज़ इस वर्ष एक अनूठी और पर्यावरण-हितैषी पहल के साथ होगा. अहिल्या उत्सव समिति ने घोषणा की है कि उत्सव से जुड़ी प्रतियोगिताओं की शुरुआत वृक्षारोपण कार्यक्रम से की जाएगी.**



आज आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और अहिल्या उत्सव की संरक्षक, सुमित्रा महाजन ने अहिल्या उत्सव को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि यह उत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इंदौर की गौरवशाली परंपरा और रानी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों का प्रतीक है, जिसे व्यापक जनसमूह तक ले जाना अत्यंत आवश्यक है. अहिल्या उत्सव समिति के सुधीर देडगे, राम मूंदड़ा, सुधीर दांडेकर ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम सिरपुर के निकट रामसर साइट पर प्रातः 10 बजे होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा साहब तारेनकर व सांसद शंकर लालवानी होंगे. इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में चित्रकला,वाद विवाद प्रतियोगिता,लोक नृत्य, भजन गायन और रंगोली जैसी विभिन्न स्पर्धाएं होंगी. बैठक में बोलते हुए सुमित्रा महाजन ने अहिल्याबाई होलकर के योगदान को रेखांकित किया. उन्होंने कहा, अहिल्याबाई केवल एक शासक नहीं थीं, बल्कि वे न्याय, धर्म और लोक कल्याण की प्रतिमूर्ति थीं। अहिल्या उत्सव उनके इन्हीं आदर्शों को स्मरण करने और वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है. उन्होंने समिति के सदस्यों और इंदौर के नागरिकों से अपील की कि वे इस उत्सव को इसे एक जन आंदोलन का रूप दें, उन्होंने कहा कि यह उत्सव हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए ताकि रानी अहिल्याबाई के जीवन और कार्यों से सभी प्रेरणा ले सकें. इस वृहद बैठक में अनिल भोजे, प्रशांत बड़वे, कंचन गिदवानी, माला ठाकुर, अविनाश भांड, ज्योति तोमर,सुधीर दांडेकर, देवेन्द्र ईनाणी,नीलेश केदारे, लोकेंद्र वर्मा, प्रकाश पारवानी, ग्रीष्मा त्रिवेदी, ज्योत्सना खर्राटे, वीणा वर्मा,विनीता धर्म,पुरुषोत्तम गर्ग आदि ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन शरयू वाघमारे ने किया एवं आभार अनिल भोजे ने व्यक्त किया.

### एक नजर में

### मंगलदास महाराज खाकी का अभिनंदन



इंदौर. गुरु पूर्णिमा पर महंत मंगलदास महाराज खाकी का अभिनंदन हजार दीप प्रजवलित कर किया गया. आयोजन श्री वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल ने नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में किया. प्रवीण जोशी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में भक्त उत्सव में शामिल हुए. कार्यक्रम सुबह से लेकर शाम तक चला।शुरूआत महाराजश्री की आरती के साथ पाद पूजन से हुई. उसके बाद नामदान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. सम्मान से महाराजजी का गला फूलों से भर गया. इस मौके पर महंत मंगलदास महाराज खाकी ने कहा कि विधाता सबसे बड़ा गुरु है, क्योंकि उसकी मर्जी के बगेर पत्ता भी नहीं हिलता है. दूसरे गुरु माता, पिता और आचार्य होते है. ये सम्मानीय ही नहीं पूजनीय भी है.

### अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एमबीए

इंदौर. अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एक्ज़ीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है। इसका पहला बैच जनवरी 2026 में विश्वविद्यालय के बेंगलुरु परिसर में आरंभ होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है. विस्तृत जानकारी और आवेदन हेतु आधिकारिक वेबसाइट पर विज़िट सकते हैं. यह कार्यक्रम प्रबंधन शिक्षा की बढ़ती माँग को पूरा करता है जो लाभ और प्रदर्शन से आगे बढ़कर समाज की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर प्रबंधन शिक्षा की अपेक्षा करती है. पारंपरिक एमबीए कार्यक्रमों से अलग, यह पाठ्यक्रम पेशेवरों को सामाजिक परिवर्तन, सार्वजनिक हित और समावेशी विकास पर केंद्रित संस्थाओं में प्रभावशाली योगदान देने के लिए तैयार करता है.

### कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार प्राइम डे डील्स

इंदौर. तैयार हो जाइए प्राइम डे 2025 के लिए, जो 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेगा, तीन दिन तक बेहतरीन डील्स का ज़बरदस्त मौका! एप्पल, सैमसंग, सोनी, वनप्लस, जेबीएल, शाओमी और एलजी जैसे टॉप ब्रांड्स के लेटेस्ट स्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स और स्मार्ट टीवी पर शानदार छूट का लाभ उठाएं. चाहे आप अपना फोन अपग्रेड करना चाहते हों या होम एंटरटेनमेंट सेटअप को बेहतर बनाना हो, यह समय है सबसे सही !इस प्राइम डे पर कंज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स की बेस्ट रेंज पर टॉप डील्स का आनंद लें.

### द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज शुरू किया

इंदौर. एडटेक कंपनी ग्रेट लर्निंग ने 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' की शुरुआत की है. यह एक फ्री और ऑनलाइन अपस्किलिंग प्रतियोगिता है, जो खास तौर पर जनरेटिव एआई में स्किल बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. 13 से 15 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिन के कार्यक्रम में छात्र और प्रोफेशनल्स 40,000 रूपए मूल्य के 30 से ज्यादा कोर्स ग्रेट लर्निंग अकाडमी पर बिल्कुल मुफ्त में कर सकेंगे. अपर्णा महेश, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ग्रेट लर्निंग ने कहा एआई आज काम करने, सोचने और कुछ नया बनाने का तरीका बदल रहा है- और जेन ज़ी इस बदलाव की अगुआई कर रही है. 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' के ज़रिए हम सिर्फ फ्री कोर्स नहीं दे रहे हैं, बल्कि देशभर में एक ऐसा अभियान शुरू कर रहे हैं जो जनरेटिव एआई जैसी स्किल को सभी के लिए आसानी से उपलब्ध बना सके.

### काइनेटिक ग्रीन इलेक्ट्रिक टू व्ही्लर बिजनेस का विस्तार करेगा

इंदौर. भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू-व्हीफलर एवं थ्री-व्हीलर बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीपलर बिजनेस को बढ़ाने की एक बड़ी योजना की घोषणा की है. पिछले साल लॉन्च हुए उनके मशहूर ई-लूना की शानदार सफलता से उत्साहित होकर, कंपनी अब अगले 18 महीनों में तीन उच्चद प्रदर्शन वाले बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है, जो विश्वस्तरीय डिज़ाइन और मजबूत भारतीय इंजीनियरिंग का मिश्रण होंगे. इस विस्तार का पहला मॉडल एक प्रीमियम, स्टाइलिश और तकनीकी रूप से उन्नत फैमिली स्कूटर होगा, जिसे 2025 के त्योहारी सीज़न से पहले लॉन्च किया जाएगा. काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ डॉ. सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा हम अपने नए बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं. हमारी ई-लूना और हाल ही में लॉन्च स्कूटरों की सफलता हमें और प्रेरित करती है.

### आर्टिस्ट निवेदिता शुक्ला को एमपी गौरव रत्न अवॉर्ड



इंदौर. आर्टिस्ट निवेदिता नीलाभ शुक्ला इन्दौर को राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ द्वारा 2025 का एम. पी. गौरव रत्न अवॉर्ड- 2025 प्रदान किया गया. निवेदिता शुक्ला से भारत और भारत के बाहर के अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और कई देशों के स्टूडेंट इनसे नियमित रूप से ऑनलाइन पेटिंग सीखते हैं जिसमें कई डॉक्टर्स और प्रोफेशनल्स भी शामिल हैं. इन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा कई सम्मान और अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका हैं.

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 का आगाज

इंदौर. लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) - एक ग्लोबल क्रिकेट प्रॉपर्टी ने एक बार फिर शानदार आयोजन का आगाज कर दिया है। खेल के इस महाकुंभ में कुछ सबसे बड़े दिग्गज आएंगे! फ्रैंचाइज़ी फ़ॉर्मेट में आयोजित सीज़न 4 का बेसब्री से इंतजार था और आगामी 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक पूरे भारत के 7 शहरों में इस आयोजन की घोषणा के साथ क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है. लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अध्यक्ष विवेक खुशलानी ने कहा पिछला सीज़न बेहद सफल रहा. सीज़न 4 उससे भी अधिक दमदार, बड़ा और शानदार होने वाला है. पहले से कहीं अधिक मैच, अधिक स्टार खिलाड़ी और अधिक शहरों की भागीदारी होगी. 'हम बड़े हर्षोल्लास से लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 की घोषणा कर रहे हैं. इस साल हम नए कीर्तिमान करने वाले हैं - अधिक मैच, अधिक जगह आयोजन और दिग्गज खिलाड़ियों का बड़ा जमावड़ा होगा। यह क्रिकेट का कुंभ है और हम एक बार फिर भारत का नाम रौशन करने के लिए तैयार हैं,'

### सैमसंग के सबसे पतले फोल्डेबल लस्मार्टफोन्स

इंदौर. दक्षिण कोरियाई टेक्नोलॉजी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अपने नवीनतम फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को 9 जुलाई को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में लॉन्च किया है। सैमसंग अपने दूरदर्शी सोच और साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है, जो भविष्य को आकार देते हैं. कंपनी के फोल्डेबल्स - जो अब अपनी सातवीं पीढ़ी में हैं अब तक के सबसे पतले, सबसे हल्के और सबसे टिकाऊ हैं. ये वे मुख्य क्षेत्र हैं, जिन पर सैमसंग ध्यान केंद्रित करने वाला है, जब कंपनी के डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के कार्यवाहक प्रमुख टीएम रोह इस सप्ताह के अंत में ब्रुकलिन कन्वेंशन सेंटर में मंच संभालेंगे. कंपनी ने हाल ही में कहा है कि उसके इंजीनियर और डिजाइनर गैलेक्सी जेड सीरीज की हर पीढ़ी को पिछली से अधिक पतला, हल्का और टिकाऊ बनाने के लिए लगातार सुधार कर रहे हैं. सैमसंग ने कैमरा इनोवेशन का भी संकेत दिया है, जिससे पता चलता है कि नए फोल्डेबल डिवाइसेज में और भी शक्तिशाली, डायनेमिक और इमर्सिव कैमरा सिस्टम होगा.

### रेंज रोवर एसवी ब्लैक पेश की

इंदौर. रेंज रोवर एसवी ने दुनिया में सबसे विवेकपूर्ण क्लाइंट्स के लिए रिफ़ाइनमेन्ट को नए स्तर तक पहुंचा दिया है. अब 2025 में रेंज रोवर शानदार आकर्षक रेंज रोवर एसवी ब्लैक के एडीशन के साथ अपनी श्रृंखला का विस्तार करने जा रही है जो रेंज रोवर एसवी सेरेनिटी और रेंज रोवर एसवी इंट्रेपिड के साथ उपलब्ध होगी. इनमें से हर मॉडल बेहतरीन फ़िनिश और बारीकियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आधुनिक लक्ज़री का प्रतिनिधित्व करता है : इसमें एसवी ब्लैक की 'डिप्ड इन ब्लैक' थीम सेलेकर एसवी इंट्रेपिड की बोल्ड डायनामिक थीम और एसवी सेरेनिटी की एलीवेटेड लक्ज़री शामिल है. रेंज रोवर ने एक्सक्लुज़िव रूप से फ्लैगशिप एसवी मॉडल्स में रियर बॉडी-एंड-सॉल- सीट और सेंसरी फ्लोर टेक्नोलॉजी के साथ लक्ज़री ऑडियो एवं सेंसरी टेक्नोलॉजी के प्रति अपने अग्रणी दृष्टिकोण का विस्तार भी किया है. रेंज रोवर पहली बार, रेंज रोवर एसवी रेंज में बॉडी एण्ड सॉल सीट्स को स्टैण्डर्ड के रूप में लेकर आई है.